**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक 05.07.2024** **समय 18.30**

- **राज्य में आज व्यापक बारिश–8 जिलों के लिये तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी।**
- **प्रदेश के विभिन्न आकांक्षी ब्लॉक्स में सम्पूर्णता अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम।**
- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा–राज्य सरकार रत्न आभूषण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है।**
- **प्रदेश के 66 हजार सरकारी स्कूलों के बच्चों को मुफ्त पाठ्य पुस्तकें देने का कार्यक्रम आज से शुरू।**

000

राज्य में आज व्यापक बारिश हुई है। कुछ जगह मूसलाधार और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। टोंक में आज तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। टोंक जिले में प्रशासन ने छोटे–बडे बांधों के ओवरफ्लों होने को लेकर जिले के कई गांवों को हाई अलर्ट पर रखा है जिा कलेक्टर ने आमजन से अपील की है। जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता अशोक कुमार जैन ने बताया कि टोरडी सागर बांध, चांदसेन तथा रामसागर, घारेडा सागर, ढीबरू सागर पूर्ण भराव की ओर है तथा इनके ओवरफ्लो होने की संभावना है। इस बीच लाव ग्राम पंचायत में रामसागर टूट गया है। जिला प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में लोगों से घरों से बाहर न निकलने और आवागमन से बचने की अपील की है। जयपुर में दोपहर में तेज बरसात हुई। बूंदी में आज अच्छी बारिश हुई । इस कारण शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया। करौली में भी कई इलाकों में पानी बरसा। गंगापुर सिटी में हुई बरसात से निचले इलाकों में पानी भर गया। झालावाड जिले में कई जगह तेज बरसात हुई है। टोंक और सवाईमाधोपुर में बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गया। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि जिले में मौसम विभाग की भारी बारिश की चेतावनी के मद्दे नजर जिला प्रशासन द्वारा पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

.....................

इस बीच मौसम विभाग ने आज प्रदेश के जयपुर, टोंक, सवाईमाधोपुर, करौली, बूंदी, बारां, कोटा और झालावाड़ जिलों के लिये आरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि टोंक और आसपास के जिलों में एक दो स्थानों पर बहुत भारी बारिश की संभावना है।

000

प्रदेश के विभिन्न आकांक्षी ब्लॉक्स में सम्पूर्णता अभियान आज से शुरू हुआ। आंकाक्षी ब्लॉक्स में 30 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान के तहत स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, मृदा और सामाजिक विकास के छह सूचकांकों में शत–प्रतिशत उपलब्धि के लिये प्रयास किये जायेंगे। इस कार्यक्रम के तहत आने वाले हर क्षेत्र में लाभों की प्रगति की निगरानी की जाएगी। शाहपुरा जिले के कोटडी में संपूर्णता अभियान का आज शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के दौरान सांसद दामोदर अग्रवाल और विधायक गोपीचंद मीना, तथा गोपाल खंडेलवाल, कोटड़ी प्रधान करणसिंह बेलवा भी मौजूद थे। इस अवसर पर कोटडी ब्लॉक में विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। दौसा जिले के रामगढ पचवारा में संपूर्णता अभियान का उद्घाटन कार्यक्रम राहुवास तहसील कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में नीति आयोग की नोडल अधिकारी विधि यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर, पंचायत समिति की प्रधान ने भी शिरकत की। करौली जिला मुख्यालय पर इस कार्यक्रम के संदर्भ में जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना के निर्देशन में सम्पूर्णता अभियान सभा का आयोजन किया गया। जिले के मासलपुर ब्लॉक में यह अभियान शुरू किया गया है। हनुमानगढ़ जिले के संगरिया में संपूर्णता अभियान के उद्घाटन के मौके पर जिला कलेक्टर ने लोगों को इसके उद्देश्यों की जानकारी दी इस दौरान युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। झालावाड जिले की खानपुर पंचायत समिति में सम्पूर्णता अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अजय सिंह ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत 3 महीने में चिकित्सा विभाग, महिला और बाल विकास, कृषि तथा राजीविका से

संबंधित इंडिकेटर्स में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल किये जायेंगे। इसमें हर दिन अलग–अलग कार्यक्रम किये जायेंगे। राजीविका द्वारा उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। नागौर के जायल में सम्पूर्णता अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में जिला कलेक्टर और नीति आयोग के सलाहकार मौजूद रहे। सिरोही जिले में सम्पूर्णता अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद लुम्बाराम चौधरी ने किया। जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी।

.........................

पाली जिले के रानी पंचायत समिति में उद्घाटन कार्यक्रम हुआ। इसमें राजीविका महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की स्टॉल लगाई गई। चूरू में भी इसका शुभारंभ हुआ।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलिम्पिक में भाग लेने के लिए पेरिस जा रहे भारतीय दल से आज मुलाकात की। उन्होंने एथलीटों से बातचीत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय खिलाड़ी इन खेलों में देश को गौरवान्वित करेंगे। श्री मोदी ने कहा कि ओलिम्पिक न सिर्फ जीतने का बल्कि सीखने का भी बड़ा अवसर है। उन्होंने एथलीटों की कड़ी मेहनत की सराहना की और कहा कि हमें आगे बढ़ने तथा जीतने के लिए दृढ़ संकल्पित होना चाहिए।

.....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार रत्न आभूषण उद्योग को बढ़ावा देने तथा उद्यमियों के लिए व्यापार को सुगम बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। श्री शर्मा आज ज्वैलरी एसोसिएशन द्वारा जयपुर में आयोजित रत्न और आभूषण प्रदर्शनी जस–2024 के उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जयपुर में बनाए गए आभूषण अपनी खूबसूरती और शिल्प कौशल के लिए दुनियाभर में पहचाने जाते हैं। इसी वजह से राज्य सरकार द्वारा **'एक जिला एक उत्पाद'** योजना के तहत जयपुर में रत्न और आभूषणों को चिन्हित किया गया है। जिसके तहत राज्य सरकार इस क्षेत्र को और अधिक विकसित बनाने के लिए कार्य करेगी।

000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सरकारी स्कूलों के बच्चों को मुफ्त किताबें उपलब्ध करवाने के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के 66 हजार सरकारी स्कूलों के बच्चों को मुफ्त पाठ्य सामग्री दी जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य पाठ्य पुस्तक मण्डल जुलाई के पहले सप्ताह में ही विद्यार्थियों को किताबें मुहैया करवाये। समारोह में प्री–प्राइमरी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें दी गई। जयपुर जिले के जमवारामगढ़ में भी पाठ्य पुस्तकों का मुफ्त वितरण करने के लिये कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरहदी जिले जैसलमेर के अमर सागर शहीद सागरमल गोपा उच्च माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर परिषद सभापति हरवल्लभ कल्ला ने विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की। उन्होंने निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया।

000

प्रदेश में जलदाय विभाग की ओर से एक लाख पौधे लगाये जायेंगे। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल ने आज जयपुर में जल भवन में पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। जलदाय मंत्री ने इस मौके पर मौजूद लोगों को जल संरक्षण और पौधे लगाने की शपथ दिलाई। मंत्री ने इस दौरान नीर निधि निर्माण के तहत जल भवन में वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का शिलान्यास भी किया। राज्य का कृषि विभाग भी लगभग एक लाख पांच हजार पौधे लगायेगा। कृषि आयुक्त कनहैया लाल स्वामी ने बताया कि एक व्यक्ति एक पेड और एक परिवार एक पेड अभियान के तहत कृषि विभाग द्वारा सभी जिलों में विभाग के कार्यालय परिसर और अन्य उपयुक्त स्थानों पर पौधे लगाये जायेंगे।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने फार्मासिस्ट भर्ती के तहत 2543 अभ्यर्थियों की अंतरिम वरीयता सूची आज जारी कर दी। अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश में करीब 10 साल पहले फार्मासिस्ट भर्ती हुई थी। इसके बाद वर्ष 2023 में विज्ञापित फार्मासिस्ट भर्ती को पूरा करने के लिये विभिन्न कानूनी पेचीदगियों, एफआईआर, चुनावी आचार संहिता जैसी चुनौतियों के बावजूद मिशन मोड में काम कर अंतरिम वरीयता सूची जारी की गई है।